तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 06/12/2023 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

**(ब) समिति की 502वीं बैठक दिनांक 13/12/2023:**

प्रस्तुतीकरण हेतु कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए। परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 13/12/2023 के माध्यम से सूचना दी गयी है कि आवेदन में तकनीकी त्रुटि होने के कारण आवेदन को निरस्त किये जाने का अनुरोध किया गया। समिति द्वारा अनुरोध को मान्य किया गया है।

**समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति** से परियोजना प्रस्तावक के अनुरोध को स्वीकार करते हुये आवेदित प्रकरण को डि–लिस्ट/निरस्त किये जाने की अनुशंसा की गई तथा ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 2006 (यथा संशोधित) के तहत् पालन करते हुए पुनः आवेदन करने की अनुशंसा की गई।

**प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार** – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 21/02/2024 को संपन्न 165वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा नस्ती/जानकारी/दस्तावेज का अवलोकन किया गया। **प्राधिकरण द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से** समिति की अनुशंसा को स्वीकार करते हुये आवेदन को डि–लिस्ट / निरस्त करने का निर्णय लिया गया। साथ ही प्रस्ताव को वर्तमान में प्राप्त प्रारुप में यथावत् डि–लिस्ट / निरस्त किया जाता है तथा परियोजना प्रस्तावक को यह सुझाव दिया जाता है कि वह भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी ई.आई.ए. अधिसूचना, 2006 (यथा संशोधित) एवं समय–समय पर जारी गाईडलाईन्स के अनुसार आवेदन प्रस्तुत किया जाए।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

**14. मेसर्स हड़हा ब्रिक अर्थक्ले क्वारी माईन एण्ड फिक्स चिमनी ब्रिक प्लांट (प्रो.– श्रीमती शशि मधुकर), ग्राम–हड़हा, तहसील–पामगढ़, जिला–जांजगीर–चांपा (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 2576)**

**ऑनलाईन आवेदन** – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 435091/ 2023, दिनांक 12/07/2023 द्वारा टी.ओ.आर. हेतु आवेदन किया गया है।

**प्रस्ताव का विवरण** – यह पूर्व से संचालित मिट्टी उत्खनन (गौण खनिज) खदान एवं फिक्स चिमनी ब्रिक प्लांट इकाई है। खदान ग्राम–हड़हा, तहसील–पामगढ़,

जिला–जांजगीर–चांपा स्थित खसरा क्रमांक 467–474, 475/1, 2, 479/1, 2, 3, 4, 5, 480–483, 484/1, 2 एवं 488/1, कुल क्षेत्रफल–3.695 हेक्टेयर में है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता–4,600 घनमीटर (32,20,000 नग) प्रतिवर्ष है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 21/09/2023 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

**बैठकों का विवरण –**

**(अ) समिति की 488वीं बैठक दिनांक 25/09/2023:**

प्रस्तुतीकरण हेतु कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए। परियोजना प्रस्तावक के पत्र दिनांक 25/09/2023 द्वारा सूचना दी गयी है कि अपरिहार्य कारणों से समिति के समक्ष बैठक में प्रस्तुतीकरण हेतु उपस्थित होना संभव नहीं है। अतः आगामी आयोजित बैठक में समय प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है।

**समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया** कि परियोजना प्रस्तावक को पूर्व में चाही गई वांछित जानकारी एवं समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज सहित प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

**(ब) समिति की 502वीं बैठक दिनांक 13/12/2023:**

भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा ऑफिस मेमोरेण्डम दिनांक 28/04/2023 जारी किया गया है, जिसके पैरा 4 में निम्न प्रावधान है:–

"The matter has been examined in the Ministry and accordingly it has been decided that all valid ECs issued by DEIAA shall be reappraised through SEAC/SEIAA in compliance to the order of the Hon'ble NGT in O.A.142 of 2022. In view of above, it is hereby directed that all concerned SEACs shall re-appraise the ECs issued by DEIAAs between 15.01.2016 and 13.09.2018 (including both dates) and all fresh ECs in this regard shall be granted only by SEIAAs based on such appraisal. The exercise shall be completed within a time period of one year from the date of issue of this OM. DEIAAs shall transfer all such files where ECs have been granted to concerned SEIAA within a time period of one month from issue of this OM."

उक्त ऑफिस मेमोरेण्डम के तहत् परियोजना प्रस्तावक द्वारा जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण से जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के पुनः अनुशंसा (re-appraisal) हेतु एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के समक्ष ऑनलाईन आवेदन किया गया है।

| विषय वस्तु | आवेदित प्रकरण से संबंधित विवरण | समिति द्वारा नोट किया गया कि |
|---|---|---|
| भू–स्वामित्व | खसरा क्रमांक 467–474, 475/1, 2, 479/1, 2, 3, 4, 5, 480, 481, 483, 484/1, 2 व 488/1 श्री नंदकुमार मधुकर एवं खसरा क्रमांक 482 श्री संदीप, श्री शिवेंद्र, सुश्री सारिका एवं सुश्री निक्की के नाम पर है। | भू–स्वामियों का सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है। |
| बैठक का विवरण | 502वीं बैठक दिनांक 13/12/2023 | प्रस्तुतीकरण हेतु सूचना दिनांक 06/12/2023 |
| प्रस्तुतीकरण हेतु उपस्थित प्रतिनिधि | | नंदकुमार मधुकर, अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुये। |

| | | |
|---|---|---|
| | | अधिकृत प्रतिनिधि का सहमति प्रस्तुत किया गया है। |
| पूर्व में जारी ई.सी. | खदान का प्रकार – मिट्टी<br>खसरा क्रमांक – 467–474, 475/1, 2, 479/1, 2, 3, 4, 5, 480–483, 484/1, 2 एवं 488/1<br>क्षेत्रफल – 3.695 हेक्टेयर<br>क्षमता – 4,600 घनमीटर प्रतिवर्ष<br>दिनांक – 18/10/2018 | डी.ई.आई.ए.ए.,<br>जिला–जांजगीर–चांपा |
| पूर्व में जारी ई.सी. का पालन प्रतिवेदन | स्व–प्रमाणित – हाँ | वृक्षारोपण – पूर्व में किये गये 100 नग पौधों को नंबरिंग कर फोटोग्राफ प्रस्तुत किये गये है। |
| विगत वर्षो में किये गये उत्खनन | दिनांक 20/10/2023<br>वर्ष 2018–19 में 2,250 घनमीटर<br>वर्ष 2019–20 में 1,920 घनमीटर<br>वर्ष 2020–21 में 1,580 घनमीटर<br>वर्ष 2021–22 में 640 घनमीटर<br>वर्ष 2022–23 में 1,160 घनमीटर | समिति का मत है कि दिनांक 01/04/2023 से अद्यतन स्थिति तक किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित कराकर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। |
| ग्राम पंचायत एन.ओ.सी. | ग्राम पंचायत पड़रिया<br>दिनांक 18/07/2010 | |
| उत्खनन योजना अनुमोदन | दिनांक 26/02/2018 | |
| 500 मीटर | दिनांक 23/05/2023 | कुल 2 खदानें, क्षेत्रफल 2.976 हेक्टेयर है। |
| 200 मीटर | दिनांक 23/05/2023 | महानदी – 100 मीटर |
| लीज डीड | लीज धारक – श्रीमती शशी मधुकर<br>अवधि–01/08/2011 से 31/07/2041 | |
| वन विभाग एन.ओ.सी. | वनमण्डलाधिकारी, जांजगीर–चांपा वनमण्डल द्वारा जारी दिनांक 27/07/2023 | वन क्षेत्र से दूरी – 3.41 कि.मी |
| महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी | आबादी – नवागांव 650 मीटर<br>स्कूल – तनौद 2.6 कि.मी.<br>अस्पताल – शिवरीनारायण 7.7 कि.मी.<br>राष्ट्रीय राजमार्ग – 7 कि.मी.<br>राज्यमार्ग – 4.2 कि.मी. | महानदी – 100 मीटर<br>नाला – 270 मीटर<br>तालाब – 810 मीटर<br>नहर – 1.55 कि.मी.<br>बांध – 23 कि.मी. |
| पारिस्थितिकीय/ जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र | 5 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं है। | |

| | | |
|---|---|---|
| **खनन संपदा एवं खनन का विवरण** | उत्खनन विधि – ओपन कास्ट मैनुअल<br>**पूर्व में रिजर्व –**<br>जियोलॉजिकल 41,226 घनमीटर<br>माईनेबल 38,949 घनमीटर<br>**वर्तमान में रिजर्व**<br>जियोलॉजिकल 33,676 घनमीटर<br>माईनेबल 31,399 घनमीटर<br>प्रस्तावित गहराई 1.5 मीटर<br>बेंच की ऊंचाई 0.5 मीटर<br>बेंच की चौड़ाई 0.5 मीटर<br>संभावित आयु 10 वर्ष<br>1 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी का क्षेत्रफल 11,166 वर्गमीटर<br>मिट्टी के साथ उपयोग हेतु फ्लाई ऐश का प्रतिशत – 40%<br>एक लाख ईंट निर्माण हेतु आवश्यक कोयला की मात्रा – 12 टन | वर्षवार **प्रस्तावित** उत्खनन<br>प्रथम 3,308.35 घनमीटर<br>द्वितीय 3,895.00 घनमीटर<br>तृतीय 3,895.00 घनमीटर<br>चतुर्थ 3,895.00 घनमीटर<br>पंचम 3,895.00 घनमीटर<br>षष्टम् 4,600.00 घनमीटर<br>सप्तम् 4,600.00 घनमीटर<br>अष्टम् 4,600.00 घनमीटर<br>नवम् 4,600.00 घनमीटर<br>दशम् 4,600.00 घनमीटर |
| **लीज क्षेत्र के भीतर भठ्ठा स्थापित** | हां, क्षेत्रफल–3,538 वर्गमीटर<br>फिक्स चिमनी की न्यूनतम ऊंचाई–33 मीटर | |
| **जल आपूर्ति** | मात्रा – 7.5 घनमीटर<br>स्त्रोत – बोरवेल | सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी से एन.ओ.सी. प्राप्त है। |
| **वृक्षारोपण कार्य** | लीज क्षेत्र के 1 मीटर के चारों ओर वृक्षारोपण – 500 नग किया जाना है। | |
| **श्रेणी** | बी–1 | आवेदित खदान को मिलाकर कुल क्षेत्रफल 6.671 हेक्टेयर है। |

1. परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुतीकरण के दौरान बताया गया है कि बेसलाईन डाटा कलेक्शन का कार्य 05 दिसम्बर 2023 से प्रारंभ किया गया।

2. प्रस्तुतीकरण के दौरान लीज क्षेत्र को के.एम.एल. फाईल से देखने पर चिमनी का कुछ भाग लीज क्षेत्र के बाहर प्रदर्शित हो रहा है। समिति का मत है कि चिमनी को लीज क्षेत्र के भीतर करते हुये, उपरोक्तानुसार सर्फेस जियोलॉजिकल प्लान को खनिज विभाग से अनुमोदित कराकर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

3. माननीय एन.जी.टी., प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा सत्येंद्र पाण्डेय विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली एवं अन्य (ओरिजनल एप्लिकेशन नं. 186 ऑफ 2016 एवं अन्य) में दिनांक 13/09/2018 को पारित आदेश में मुख्य रुप से निम्नानुसार निर्देशित किया गया है:–

   **a)** Providing for EIA, EMP and therefore, Public consultation for all areas from 5 to 25 ha. falling under category B-2 at par with category B-1 by SEAC / SEIAA as well as for cluster situation where ever it is not provided.

   **b)** If a cluster or an individual lease size exceed 5 ha. EIA / EMP be made applicable in the process of grant of prior environment clearance.

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से प्रकरण 'बी1' केटेगरी का होने के कारण भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अप्रैल, 2015 में प्रकाशित स्टैण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) फॉर ई.आई.ए./ई.एम.पी. रिपोर्ट फॉर प्रोजेक्ट्स/एक्टीविटीज रिक्वायरिंग इन्वायरमेंट क्लीयरेंस अण्डर ई.आई. ए. नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित श्रेणी 1(ए) का स्टैण्डर्ड टीओआर (लोक सुनवाई सहित) नॉन कोल माईनिंग प्रोजेक्ट्स हेतु निम्न अतिरिक्त टीओआर के साथ जारी किये जाने की अनुशंसा की गईः–

i. Project proponent shall submit the Individual Environment Management Plan and Common Environment Management Plan.

ii. Project proponent shall submit the previous year production detail from April 2023 to till date from the mining department.

iii. Project proponent shall submit the details of monitoring equipments alongwith its specification. Project proponent shall monitor as per the Methodology issued by MoEF&CC.

iv. During the presentation, the lease area was given to K.M.L. As seen from the file, some part of the chimney is visible outside the lease area. The committee is of the opinion that while placing the chimney within the lease area, it is necessary to get the surface geological plan approved by the Mining Department and submitted as above.

v. Project proponent shall submit an affidavit for commitment to the public (Objections/suggestions raised by public) during Public Hearing.

vi. Project proponent shall ensure that mining lease area to be demarcated by erection of boundary pillars at all corner and area to be fenced.

vii. Project proponent shall submit an affidavit stating that no harm, no damage and no contamination shall be committed to nearby water bodies.

viii. EIA study shall be done at minimum 8 no. of stations for data collection considering the pre-dominant wind direction.

ix. Project proponent shall submit the copy of panchnama and photographs of every monitoring station.

x. Project proponent shall submit a Cumulative Environment Impact Assessment Study (Air, Water, Noise, Soil, Traffic etc) of the mines located in the nearby area and Ecology of the buffer zone of study area and shall incorporate the same in the EIA report.

xi. The project proponent shall submit an undertaking that there is no court case pending relating to this project before any Court of Law in India.

xii. The project proponent shall submit an undertaking in the form of an affidavit stating that there is no violation of Notification S.O. 804(E) dated 14/03/2017 issued by Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Government of India and the direction given by Hon'ble Supreme Court of India in the matter of Common Cause vs Union of India order dated 02.08.2017.

xiii. Project proponent shall undertake plantation (as far as possible tree bearing species) within the mining lease area as per guidelines issued from time to time and particularly in the 7.5 meter safety zone area of

minimum 05 feet height and shall maintain 90% survival rate. The plantation shall be maintained by project proponent for atleast 5 years. Project proponent shall submit half yearly reports regarding compliance to the Authority. The details to be submitted alongwith Geotag photographs in the EIA report.

xiv. Project proponent shall submit the details of plantation undertaken during the current year & shall submit the details of proposed plantation incorporating the plant cost, fertilizer cost, irrigation cost, maintenance cost for atleast 5 years and the details alongwith photographs in the EIA report.

xv. Project proponent shall submit the DPR of CER proposals (preferably pavitra van) with details of works alongwith their estimates including land cost and incorporating the plant cost, fertilizer cost, irrigation cost and maintenance cost for atleast 5 years & incorporate in the EIA report.

**प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार** – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 21/02/2024 को संपन्न 165वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा नस्ती का अवलोकन किया गया। **प्राधिकरण द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से** समिति की अनुशंसा को स्वीकार करते हुये उपरोक्तानुसार स्टैण्डर्ड टर्म्स ऑफ रेफरेन्स (टी.ओ.आर.) (लोक सुनवाई सहित) जारी करने का निर्णय लिया गया।

परियोजना प्रस्तावक को टर्म्स ऑफ रेफरेन्स (टी.ओ.आर.) (लोक सुनवाई सहित) जारी किया जाए।

**15. मेसर्स जोगीपाली सेण्ड क्वॉरी (सचिव/सरपंच, ग्राम पंचायत जोगीपाली), ग्राम–जोगीपाली, तहसील–बरपाली, जिला–कोरबा (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 2565)**

**ऑनलाईन आवेदन** – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 435890/2023, दिनांक 08/07/2023 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया।

**प्रस्ताव का विवरण** – यह प्रस्तावित रेत खदान (गौण खनिज) है। यह खदान ग्राम–जोगीपाली, तहसील–बरपाली, जिला–कोरबा स्थित खसरा क्रमांक 427/1, कुल क्षेत्रफल–5 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। उत्खनन हसदेव नदी से किया जाना प्रस्तावित है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता–75,000 घनमीटर प्रतिवर्ष है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 04/09/2023 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

**बैठक का विवरण –**

**(अ) समिति की 486वीं बैठक दिनांक 13/09/2023:**

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री वीर सिंह बिंझवार, सरपंच उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:–

1. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण:–** इस खदान को पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है।

2. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – रेत उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत जोगीपाली(क) का दिनांक 25/01/2023 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

3. **चिन्हांकित/सीमांकित** – कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा से प्राप्त प्रमाण पत्र अनुसार यह खदान चिन्हांकित/सीमांकित कर घोषित है।

4. **उत्खनन योजना** – माईन प्लान विथ सेण्ड रिप्लेनिशमेंट एण्ड इंन्व्हायरोमेंट मैनेजमेंट प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो खनि अधिकारी, जिला–कोरबा के ज्ञापन क्रमांक 1057/खनिज/उ.या.अ./2023–24 कोरबा, दिनांक 29/05/2023 द्वारा अनुमोदित है।

5. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–कोरबा के ज्ञापन क्रमांक/खलि–/2023/1052 कोरबा, दिनांक 29/05/2023 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य रेत खदानों की संख्या निरंक है।

6. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–कोरबा के ज्ञापन क्रमांक/खलि–/2023/1052 कोरबा, दिनांक 29/05/2023 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान के 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे पुल, बांध, स्कूल, अस्पताल, मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारा, मरघट एवं एनीकट आदि प्रतिबंधित क्षेत्र निर्मित नहीं है।

7. **एल.ओ.आई. का विवरण** – एल.ओ.आई. सचिव/सरपंच, ग्राम पंचायत जोगीपाली के नाम पर है, जो कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–कोरबा के ज्ञापन क्रमांक 1017/खलि–2/2023 कोरबा, दिनांक 23/05/2023 द्वारा जारी की गई, जिसकी वैधता जारी दिनांक से 1 वर्ष की अवधि तक है। जारी एल.ओ.आई. में "साधारण रेत हेतु उत्खनन पट्टा विलेख के पंजीयन दिनांक से 5 वर्ष की अवधि के लिए उत्खनन पट्टा स्वीकृति के लिए निम्नलिखित शर्तो के पूर्ति हेतु यह आशय पत्र जारी किया जा रहा है" का उल्लेख है।

8. **वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, कोरबा वन मण्डल, जिला–कोरबा के ज्ञापन क्रमांक/तक.अ./2875 कोरबा, दिनांक 21/04/2023 से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित क्षेत्र वन क्षेत्र की सीमा से 800 मीटर की दूरी पर है।

9. **डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2019 की डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

10. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–टोला 200 मीटर, स्कूल एवं अस्पताल बरपाली 6 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 3.3 कि. मी. एवं राज्यमार्ग 6 कि.मी. दूर है। तालाब 580 मीटर एवं नाला 880 मीटर दूर है। रोड ब्रिज 1 कि.मी. एवं रेल ब्रिज 6.3 कि.मी. दूर है।

11. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

12. **खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई एवं खदान की नदी तट से दूरी** – आवेदन अनुसार खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई – अधिकतम 924 मीटर, न्यूनतम 895 मीटर तथा खनन स्थल की लंबाई – अधिकतम 297.5 मीटर, न्यूनतम 294.3 मीटर एवं खनन स्थल की चौड़ाई – अधिकतम 169.4 मीटर, न्यूनतम 168.6 मीटर दर्शाई गई है। खदान की नदी के तट किनारे से दूरी अधिकतम 50 मीटर, न्यूनतम 40 मीटर है, जबकि इसकी नदी तट से न्यूनतम दूरी 7.5 मीटर अथवा नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत होना चाहिए।

13. **खदान स्थल पर रेत की मोटाई** – आवेदन अनुसार स्थल पर रेत की गहराई – 3 मीटर तथा रेत खनन की प्रस्तावित गहराई – 2.50 मीटर दर्शाई गई है। अनुमोदित माईनिंग प्लान अनुसार खदान में माईनेबल रेत की मात्रा– 75,000 घनमीटर है। रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत सतह की मोटाई जानने के लिए, प्रस्तावित स्थल पर 5 गढ्ढे (Pits) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की गई है। इसके अनुसार रेत की उपलब्ध औसत गहराई 4.42 मीटर है। रेत की वास्तविक गहराई हेतु पंचनामा प्रस्तुत किया गया है।

14. **खदान क्षेत्र में रेत सतह के लेवल्स** – रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल में 25 मीटर गुणा 25 मीटर के ग्रिड बिन्दुओं पर दिनांक 10/06/2023 को रेत सतह के वर्तमान लेवल्स (Levels) लेकर फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत किया गया है।

15. **गैर माईनिंग क्षेत्र** – नदी के पाट की चौड़ाई अधिकतम 924 मीटर, न्यूनतम 895 मीटर है, जबकि खदान की नदी तट के किनारे से दूरी अधिकतम 50 मीटर, न्यूनतम 40 मीटर है। नये दिशा निर्देशों के अनुसार नदी तट से न्यूनतम 7.5 मीटर अथवा नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत दूरी तक के क्षेत्र में खनन नहीं किया जा सकता। उपरोक्तानुसार गैर माईनिंग क्षेत्र रखते हुये संशोधित अनुमोदित माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

16. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विस्तार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:–

| Capital Investment (in Lakh Rupees) | Percentage of Capital Investment to be Spent | Amount for CER Activities (in Lakh Rupees) | Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | Particulars | CER Fund Allocation (in Lakh Rupees) |
| 38.25 | 2% | 0.765 | Following activities at nearby | |
| | | | Pavitra Van Nirman | 0.765 |
| | | | **Total** | **0.765** |

17. सी.ई.आर. के अंतर्गत "पवित्र वन निर्माण" के तहत् (आंवला, बड़, नीम, पीपल, जामुन, बेल आदि) वृक्षारोपण हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 100 नग पौधों के लिए राशि 5,000 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि 18,500 रूपये, खाद के लिए राशि 1,500 रूपये, सिंचाई तथा रख–रखाव आदि के लिए राशि 9,000 रूपये, इस

प्रकार प्रथम वर्ष में कुल राशि 34,000 रूपये तथा आगामी 4 वर्ष में कुल राशि 42,500 रूपये हेतु घटकवार व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा ग्राम पंचायत जोगीपाली(क) के सहमति उपरांत यथायोग्य स्थान (खसरा क्रमांक 427 क्षेत्रफल, 1 हेक्टेयर) के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की गई है।

18. **वृक्षारोपण कार्य** – नदी तट में 850 नग एवं पहुंच मार्ग में 400 नग (कुल 1,250 नग) वृक्षारोपण करने हेतु प्रस्ताव दिया गया है, जो निम्नानुसार है:–

| विवरण | | प्रथम वर्ष (रूपये) | द्वितीय वर्ष (रूपये) | तृतीय वर्ष (रूपये) | चतुर्थ वर्ष (रूपये) | पंचम वर्ष (रूपये) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रदूषण नियंत्रण हेतु परिवहन के दौरान सड़कों/पहुंच मार्ग से उत्पन्न धूल उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु जल छिड़काव | | 5,000 | 5,000 | 5,000 | 5,000 | 5,000 |
| नदी तट एवं पहुंच मार्ग में (1,250 नग) वृक्षारोपण हेतु | वृक्षारोपण (90 प्रतिशत जीवन दर) हेतु राशि | 37,500 | 3,750 | 375 | – | – |
| | फेंसिंग हेतु राशि | 25,375 | – | – | – | – |
| | खाद हेतु राशि | 10,000 | 10,000 | 10,000 | 10,000 | 10,000 |
| | सिंचाई एवं रख–रखाव हेतु राशि | 5,000 | 5,000 | 5,000 | 4,000 | 4,000 |
| **कुल राशि = 1,65,000** | | **82,875** | **23,750** | **20,375** | **19,000** | **19,000** |

19. समिति का मत है कि नदी तट एवं पहुंच मार्ग में किये जाने वाले वृक्षारोपण के भूमि (खसरा क्रमांक एवं रकबा) संबंधित जानकारी प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

**समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–**

1. नदी तट एवं पहुंच मार्ग में किये जाने वाले वृक्षारोपण के भूमि (खसरा क्रमांक एवं रकबा) संबंधित जानकारी प्रस्तुत किया जाए।
2. नये दिशा निर्देशों के अनुसार नदी तट से न्यूनतम 7.5 मीटर अथवा नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत दूरी तक के क्षेत्र में खनन नहीं किया जा सकता। उपरोक्तानुसार गैर माईनिंग क्षेत्र रखते हुये संशोधित अनुमोदित माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया जाए।
3. परियोजना से जिन–जिन स्थलों से फ्युजिटिव डस्ट उत्सर्जन होगा, उन स्थलों पर नियमित जल छिड़काव की व्यवस्था किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

4. खदान क्षेत्र के आस–पास नदी तट एवं पहुंच मार्ग में सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं रोपित पौधों का सरवाईवल रेट (Survival rate) 90 प्रतिशत सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

5. छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति के तहत् स्थानीय लोगों को रोजगार दिये जाने हेतु शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

6. परियोजना प्रस्तावक द्वारा किसी भी प्रकार का दूषित जल का प्रवाह प्राकृतिक जल स्त्रोत, तालाब, नदी, नाला में नहीं कियो जाने एवं इसके संरक्षण किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

7. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए कि उनके विरूद्ध इस खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।

8. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए कि उसके विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

9. माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिनांक 02/08/2017 को common cause vs. Union of India writ petition (C) 114 of 2014 में दिये गये निर्देश का पालन किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

10. माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिनांक 08/01/2020 को writ petition (S) Civil No.114 /2014 common cause vs. Union of India & Ors. में दिये गये दिशा निर्देशों का पालन किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

11. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए कि अनुमोदित उत्खनन योजना में दिए माईनेबल रिजर्व का 60 प्रतिशत रिजर्व ही उत्खनन किया जाएगा।

12. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए कि खदान में तथा खनन के दौरान सस्टेनेबल सेंड माईनिंग गाईडलाईन 2016 एवं ईन्फोर्समेंट एण्ड मॉनिटरिंग गाईडलाईन्स फॉर सेण्ड 2020 के प्रावधानों का पालन किया जाएगा।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 02/11/2023 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा द्वारा दिनांक 09/11/2023 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

**(ब) समिति की 502वीं बैठक दिनांक 13/12/2023:**

समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:–

1. ग्राम पंचायत जोगीपाली(क) के सहमति उपरांत यथायोग्य स्थान (नदी तट का खसरा क्रमांक 427/1, रकबा 0.5 हेक्टेयर एवं पहुंच मार्ग का खसरा क्रमांक 503 व 508, रकबा 0.273 हेक्टेयर) के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की गई है।

2. गैर माईनिंग क्षेत्र रखते हुये संशोधित अनुमोदित माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो खनि अधिकारी, जिला–कोरबा के ज्ञापन क्रमांक/1613/खनिज/उ.या.अ./2023–24 कोरबा, दिनांक 07/11/2023 द्वारा अनुमोदित है।

   नदी के पाट की चौड़ाई अधिकतम 924 मीटर, न्यूनतम 895 मीटर है, जबकि खदान की नदी तट के किनारे से दूरी अधिकतम 50 मीटर, न्यूनतम 40 मीटर है। नये दिशा निर्देशों के अनुसार नदी तट से न्यूनतम 7.5 मीटर अथवा नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत दूरी तक के क्षेत्र में खनन नहीं किया जा सकता। माईनिंग प्लान के अनुसार नदी तट के किनारे से खनन क्षेत्र की दूरी नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत छोड़कर उत्खनन किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें 7,500 वर्गमीटर गैर माईनिंग क्षेत्र रखा गया है। अतः रेत उत्खनन का कार्य खदान के अवशेष 4.25 हेक्टेयर क्षेत्र में किया जाना प्रस्तावित है।

3. परियोजना से जिन–जिन स्थलों से फ्युजिटिव डस्ट उत्सर्जन होगा, उन स्थलों पर नियमित जल छिड़काव की व्यवस्था किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

4. खदान क्षेत्र के आस–पास नदी तट एवं पहुंच मार्ग में सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं रोपित पौधों का सरवाईवल रेट (Survival rate) कम से कम 90 प्रतिशत सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

5. छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति के तहत् स्थानीय लोगों को रोजगार दिये जाने हेतु शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

6. परियोजना प्रस्तावक द्वारा किसी भी प्रकार का दूषित जल का प्रवाह प्राकृतिक जल स्त्रोत, तालाब, नदी, नाला में नहीं कियो जाने एवं इसके संरक्षण किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

7. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरूद्ध इस खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।

8. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उसके विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

9. माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिनांक 02/08/2017 को common cause vs. Union of India writ petition (C) 114 of 2014 में दिये गये निर्देश का पालन किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

10. माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिनांक 08/01/2020 को writ petition (S) Civil No.114 /2014 common cause vs. Union of India & Ors. में दिये गये दिशा निर्देशों का पालन किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

11. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि अनुमोदित उत्खनन योजना में दिए माईनेबल रिजर्व का 60 प्रतिशत रिजर्व ही उत्खनन किया जाएगा।

12. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि खदान में तथा खनन के दौरान सस्टेनेबल सेंड माईनिंग गाईडलाईन 2016 एवं ईन्फोर्समेंट एण्ड मॉनिटरिंग गाईडलाईन्स फॉर सेण्ड 2020 के प्रावधानों का पालन किया जाएगा।

13. परियोजना प्रस्तावक द्वारा 2 मीटर की गहराई तक उत्खनन की अनुमति मांगी है। अनुमोदित उत्खनन योजना में उत्खनन किए जाने वाले क्षेत्र की वार्षिक रेत पुनःभरण संबंधी अध्ययन कार्य एवं तत्संबंधी आंकड़ों का समावेश नहीं किया गया है। हसदेव नदी बड़ी नदी है तथा इसमें वर्षाकाल में सामान्यतः 1.5 मीटर गहराई से अधिक रेत का पुनःभराव होने की संभावना है।

14. रेत उत्खनन मैनुअल विधि से एवं भराई का कार्य लोडर द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है। समिति का मत है कि लोडर जैसे यंत्र भारी वाहन की श्रेणी के है। अतः भराई का कार्य मैनुअल विधि से ही कराई जावें। भारी वाहनों के नदी में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

15. समिति का मत है कि लीज क्षेत्र के भीतर गैर माईनिंग क्षेत्र में सीमा स्तंभ लगाया जाना आवश्यक है। लीज क्षेत्र के चारों कोनो तथा सीमा लाईन के मध्य में सीमेंट के खम्भें गड़ाना आवश्यक है ताकि लीज क्षेत्र नदी में स्पष्ट दृष्टिगोचर हो सके।

16. सी.ई.आर. कार्य एवं नदी तट में वृक्षारोपण कार्य के मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण हेतु त्रि–पक्षीय समिति (प्रोपराईटर/प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी/प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन या छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के पदाधिकारी/प्रतिनिधि) गठित किया जाना आवश्यक है। साथ ही सी.ई.आर. एवं नदी तट में वृक्षारोपण का कार्य पूर्ण किये जाने के उपरांत गठित त्रि–पक्षीय समिति से सत्यापित कराया जाना आवश्यक है।

**समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गयाः–**

1. आवेदित खदान (ग्राम–जोगीपाली) का रकबा 5 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर या उससे कम होने के कारण यह खदान बी–2 श्रेणी की मानी गयी।

2. परियोजना प्रस्तावक रेत खदान क्षेत्र में आगामी 1.5 वर्ष में विस्तृत गाद अध्ययन (Siltation Study) करायेगा, ताकि रेत के पुनःभरण (Replenishment) बाबत् सही आंकड़े, रेत उत्खनन का नदी, नदीतल, स्थानीय वनस्पति, जीव एवं सूक्ष्म जीवों पर प्रभाव तथा नदी के पानी की गुणवत्ता पर रेत उत्खनन के प्रभाव की सही जानकारी प्राप्त हो सके।

3. **लीज क्षेत्र की सतह का बेसलाईन डाटा –**

   i. रेत उत्खनन प्रारंभ करने के पूर्व उपरोक्तानुसार निर्धारित ग्रिड बिन्दुओं पर नदी में रेत की सतह के स्तरों (Levels) का सर्वे कर, उसके आंकड़ें तत्काल एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत किये जायें।

ii. पोस्ट–मानसून (अक्टूबर/नवम्बर माह में रेत उत्खनन प्रारंभ करने के पूर्व) इन्ही ग्रिड बिन्दुओं में माईनिंग लीज क्षेत्र तथा लीज क्षेत्र के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में 100 मीटर तक तथा खनन लीज के बाहर / नदी तट (दोनों ओर) से 100 मीटर तक के क्षेत्र में नदी सतह के स्तरों (Levels) का सर्वे पूर्व निर्धारित ग्रिड बिन्दुओं पर किया जायेगा।

iii. इसी प्रकार रेत खनन उपरांत मानसून के पूर्व (मई माह के अंतिम सप्ताह/जून के प्रथम सप्ताह) इन्ही ग्रिड बिन्दुओं पर रेत सतह के लेवल्स (Levels) का मापन किया जाएगा।

iv. रेत सतह के पूर्व निर्धारित ग्रिड बिन्दुओं पर रेत सतह के लेवल्स (Levels) के मापन का कार्य आगामी 6 वर्ष तक निरंतर किया जाएगा। प्री–मानसून के आंकड़ें अगस्त 2024, 2025, 2026, 2027, 2028, 2029 एवं पोस्ट–मानसून के आंकड़ें दिसम्बर 2024, 2025, 2026, 2027, 2028, 2029 तक अनिवार्य रूप से एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत किए जायेंगे।

4. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से मेसर्स जोगीपाली सेण्ड क्वॉरी (सचिव/सरपंच, ग्राम पंचायत जोगीपाली), खसरा क्रमांक 427/1, ग्राम–जोगीपाली, तहसील–बरपाली, जिला–कोरबा, कुल लीज क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर में से माईनिंग प्लान अनुसार गैर माईनिंग क्षेत्र 7,500 वर्गमीटर क्षेत्र कम करने पर 4.25 हेक्टेयर उत्खनन हेतु वैध क्षेत्र का कुल 60 प्रतिशत क्षेत्रफल में ही रेत उत्खनन अधिकतम 1.5 मीटर की गहराई तक सीमित रखते हुए, कुल 38,250 घनमीटर प्रतिवर्ष रेत उत्खनन हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति, खनन पट्टे के निष्पादन की तारीख से पांच वर्ष तक की अवधि हेतु दिये जाने की अनुशंसा की गई। रेत की खुदाई श्रमिकों द्वारा (Manually) की जाएगी। रिवर बेड (River Bed) में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। लीज क्षेत्र में स्थित रेत खुदाई गढ्ढे (Excavation pits) से लोडिंग प्वाईंट तक रेत का परिवहन ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा किया जाएगा।

5. सस्टेनेबल सेण्ड माईनिंग मैनेजमेंट गाईडलाईन्स, 2016 (Sustainable Sand Mining Management Guidelines 2016) एवं ईन्फोर्समेंट एण्ड मॉनिटरिंग गाईडलाईन्स फॉर सेण्ड माईनिंग, 2020 (Enforcement & Monitoring Guidelines for Sand Mining) के अनुसार कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

**प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार** – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 21/02/2024 को संपन्न 165वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा नस्ती का अवलोकन किया गया। **प्राधिकरण द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–**

1. समिति की अनुशंसा को स्वीकार करते हुये आवेदक – मेसर्स जोगीपाली सेण्ड क्वॉरी (सचिव/सरपंच, ग्राम पंचायत जोगीपाली) को निम्नानुसार अतिरिक्त शर्तों के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने का निर्णय लिया गया:–

   i. सी.ई.आर. के तहत् एवं नदी के तट पर शासकीय भूमि में किये जाने वाले वृक्षारोपण का सत्यापन वन विभाग के सक्षम अधिकारी अथवा वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण के सत्यापन हेतु अधिकृत संस्थाओं (थर्ड पार्टी) से अनुमोदन कराकर अर्धवार्षिक रिपोर्ट में समाहित करते हुये एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को प्रेषित किया जाए।

ii. **सी.ई.आर. के तहत् "पवित्र वन निर्माण" में किये जाने वाले वृक्षारोपण के सत्यापन हेतु जियोटेग फोटोग्राफ्स** सहित अर्धवार्षिक रिपोर्ट में समाहित करते हुये एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को प्रेषित किया जाए।

समिति द्वारा निर्धारित शर्तो के अंतर्गत निहित किये गये शर्तों का पालन सुनिश्चित किया जाए। पालन नहीं किये जाने की स्थिति में विधिवत् कार्यवाही की जाएगी।

परियोजना प्रस्तावक को पर्यावरणीय स्वीकृति पत्र जारी किया जाए।

**एजेण्डा आयटम क्रमांक–3** **टी.ओ.आर. में संशोधन हेतु प्राप्त आवेदन के संबंध में निर्णय लिया जाना।**

1. **मेसर्स अछोली फ्लेग स्टोन क्वारी (प्रो.– श्री कोमन लाल साहू), ग्राम–अछोली, तहसील व जिला–महासमुंद (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1709)**

**ऑनलाईन आवेदन** – प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एमआईएन / 63920/2021, दिनांक 16/06/2021 द्वारा टी.ओ.आर. हेतु आवेदन किया गया था। वर्तमान में प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एमआईएन /306971/2023, दिनांक 06/12/2023 द्वारा जारी टी.ओ.आर. में संशोधन हेतु आवेदन किया गया है।

**प्रस्ताव का विवरण** – यह पूर्व से संचालित फ्लेग स्टोन (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–अछोली, तहसील व जिला–महासमुंद स्थित खसरा क्रमांक 84/1, 2, 3, 4, 85 एवं 89/2, कुल क्षेत्रफल–0.57 हेक्टेयर **के स्थान पर 0.49 हेक्टेयर** करते हुये टी.ओ.आर. में संशोधन किया जाना है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता – 1,140 टन (456 घनमीटर) प्रतिवर्ष है।

पूर्व में एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन क्रमांक 1312, दिनांक 23/09/2021 द्वारा प्रकरण 'बी1' केटेगरी का होने के कारण भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अप्रैल, 2015 में प्रकाशित स्टैण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) फॉर ई.आई.ए./ई.एम.पी. रिपोर्ट फॉर प्रोजेक्ट्स/एक्टीविटीज रिक्वायरिंग इन्वायरमेंट क्लीयरेंस अण्डर ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित श्रेणी 1(ए) का स्टैण्डर्ड टीओआर (लोक सुनवाई सहित) नॉन कोल माईनिंग प्रोजेक्ट्स हेतु टी.ओ. आर. जारी किया गया है।

वर्तमान में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 23/09/2021 के माध्यम से जारी टी.ओ.आर. में कुल क्षेत्रफल–0.57 हेक्टेयर **के स्थान पर 0.49 हेक्टेयर** किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत आवेदन में उल्लेखित तथ्य निम्नानुसार है:–

"टी.ओ.आर. हेतु आवेदन पूर्व में जारी पर्यावरण स्वीकृति, अनुमोदित खनन योजना एवं माईनिंग विभाग द्वारा जारी क्लस्टर प्रमाण पत्र के आधार पर 0.57 हेक्टेयर हेतु किया गया था। चूँकि लीज अनुबंध रकबा 0.49 हेक्टेयर में किया गया है, जिसके आधार पर पुनः खनन योजना को संशोधित कर अनुमोदित कराया गया है।"

अतः उक्त प्रकरण में पूर्व में जारी टी.ओ.आर. में रकबा 0.57 हेक्टेयर के स्थान पर रकबा 0.49 हेक्टेयर कर संशोधित टर्म्स ऑफ रिफरेंस जारी किये जाने का अनुरोध किया गया है। साथ ही फार्म–03, अनुमोदित क्वारी प्लान, फार्म–01, प्री–फिसिबिलिटी, संशोधित 200 मीटर, संशोधित 500 मीटर, विगत वर्षों में किये गये उत्खनन संबंधी प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत की गई है।

**प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार** – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 21/02/2024 को संपन्न 165वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा नस्ती/दस्तावेज का अवलोकन किया गया। **प्राधिकरण द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया** कि उपरोक्त तथ्यों के परिपेक्ष्य में परीक्षण उपरांत उपयुक्त अनुशंसा किये जाने हेतु प्रकरण को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के समक्ष प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया।

एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

**एजेण्डा आयटम क्रमांक–4** **नाम परिवर्तन हेतु प्राप्त आवेदन के संबंध में निर्णय लिया जाना।**

1. **मेसर्स यशोदा नंदन इस्पात प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–अछोली, उरला, तहसील व जिला–रायपुर**

**ऑनलाईन आवेदन** – प्रपोजल नम्बर – प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /आईएनडी1/ 459217/2024, दिनांक 19/01/2024। मेसर्स ग्रेविटी फेरस प्राईवेट लिमिटेड (यूनिट–II), को जारी पर्यावरणीय स्वीकृति को मेसर्स यशोदा नंदन इस्पात प्राईवेट लिमिटेड के नाम पर नामांतरित (Transfer) किये जाने हेतु आवेदन किया गया है।

**प्रस्ताव का विवरण –**

1. उद्योग ग्राम–अछोली, उरला, तहसील व जिला–रायपुर स्थित खसरा क्रमांक 40/10, 40/11 एवं 40/12, कुल क्षेत्रफल 1.2 हेक्टेयर, माईल्ड स्टील बिलेट्स क्षमता– 59,760 टन प्रतिवर्ष एवं री–रोल्ड स्टील प्रोडक्ट्स– 56,772 टन प्रतिवर्ष की है।
2. पूर्व में एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन क्रमांक 546, दिनांक 26/10/2017 द्वारा ग्राम–अछोली, उरला, तहसील व जिला–रायपुर स्थित खसरा क्रमांक 40/10, 40/11 एवं 40/12, कुल क्षेत्रफल 1.2 हेक्टेयर, माईल्ड स्टील बिलेट्स क्षमता– 59,760 टन प्रतिवर्ष एवं री–रोल्ड स्टील प्रोडक्ट्स– 56,772 टन प्रतिवर्ष हेतु मेसर्स ग्रेविटी फेरस प्राईवेट लिमिटेड (यूनिट–II) के नाम से पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की गई है।
3. छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा माईल्ड स्टील बिलेट्स क्षमता– 59,760 टन प्रतिवर्ष एवं री–रोल्ड स्टील प्रोडक्ट्स– 56,772 टन प्रतिवर्ष हेतु जल एवं वायु सम्मति नवीनीकरण दिनांक 12/07/2022 को मेसर्स ग्रेविटी फेरस प्राईवेट लिमिटेड (यूनिट–II) के नाम से जारी की गई है, जो दिनांक 31/03/2027 तक की अवधि हेतु वैध है।
4. मेसर्स ग्रेविटी फेरस प्राईवेट लिमिटेड (यूनिट–II) को जारी पर्यावरणीय स्वीकृति को मेसर्स यशोदा नंदन इस्पात प्राईवेट लिमिटेड के नाम पर हस्तांतरण किये जाने बाबत् मेसर्स ग्रेविटी फेरस प्राईवेट लिमिटेड (यूनिट–II) का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
5. मेसर्स यशोदा नंदन इस्पात प्राईवेट लिमिटेड द्वारा पूर्व में मेसर्स ग्रेविटी फेरस प्राईवेट लिमिटेड (यूनिट–II) को जारी पर्यावरणीय स्वीकृति में अधिरोपित शर्तों

का पालन किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

6. मेसर्स ग्रेविटी फेरस प्राईवेट लिमिटेड (यूनिट–II) एवं मेसर्स यशोदा नंदन इस्पात प्राईवेट लिमिटेड द्वारा किये गये सेल एग्रीमेंट की प्रति प्रस्तुत की गई है।

7. मेसर्स ग्रेविटी फेरस प्राईवेट लिमिटेड (यूनिट–II) एवं मेसर्स यशोदा नंदन इस्पात प्राईवेट लिमिटेड द्वारा जारी बोर्ड ऑफ रिसॉल्युशन की प्रति प्रेषित की गई है।

**प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार** – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 21/02/2024 को संपन्न 165वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा नस्ती/दस्तावेज का अवलोकन किया गया। उपरोक्त तथ्यों एवं दस्तावेज के आधार पर **प्राधिकरण द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से** मेसर्स ग्रेविटी फेरस प्राईवेट लिमिटेड (यूनिट–II) को एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन क्रमांक 546, दिनांक 26/10/2017 द्वारा जारी पर्यावरणीय स्वीकृति को मेसर्स यशोदा नंदन इस्पात प्राईवेट लिमिटेड के नाम पर हस्तांतरित (Transfer) निम्न शर्त के अधीन जारी किये जाने का निर्णय लिया गया:–

"मेसर्स यशोदा नंदन इस्पात प्राईवेट लिमिटेड के नाम से कंपनी एक्ट 2013 के तहत् दस्तावेज प्राप्त कर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में नाम हस्तांतरण आवेदन के दौरान प्रस्तुत किया जाए।"

परियोजना प्रस्तावक को पर्यावरणीय स्वीकृति में नाम परिवर्तन बाबत् पत्र जारी किया जाए।

बैठक धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुई।

**(अरूण प्रसाद पी.)**
सदस्य सचिव,
राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन
प्राधिकरण, छत्तीसगढ़

**(देबाशीष दास)**
अध्यक्ष,
राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन
प्राधिकरण, छत्तीसगढ़

**(डॉ. दीपक सिन्हा)**
सदस्य
राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, छत्तीसगढ़